38% हो गया । अतः उत्पादन लागत में वृद्धि थोक बिक्री कीमत की तुलना में कम वृद्धि हुई है तथा इसलिए उत्पादन लागत में इस अवधि के दौरान वास्तविक रूप में गिरावट आई है ।

(ख) और (ग) उत्पादकता में वृद्धि तथा लागत कम करने के लिए कोयला कम्पनियों द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों में निम्नलिखित कदम शामिल हैं :—

(1) श्रमशक्ति आयोजन में सुधार, जिनमें फालतू श्रमिकों के पुनर्नियोजन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए रिक्त पदों के एवज में नए कामगारों की नियोजन पर प्रतिबंध शामिल है ।

(2) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के जरिए श्रमशक्ति की वृद्धि पर नियंत्रण ।

(3) प्रयोगात्मक आधार पर "आल मैन-आल जाब" की संकल्पना का प्रयोग किया जा रहा है ।

(4) पर्याप्त रूप में वर्कशाप स्पोर्ट मुहैया कर के उपकरणों के प्रयोग तथा उपलब्धता में सुधार, कलपुर्जों के प्रबंधन में सुधार और उपकरणों की समय पर व्यवस्था ।

(5) भूमिगत खानों पर विशेष बल देकर उत्पादन तथा उत्पादकता में सुधार किया जाना ।

(6) क्रियाकलापों की कार्यक्षमता में सुधार करके पद्धतियों में तथा प्रबंधनीय सुधार किया जाना ।

Stiff Global Competition for CIL

5282. DR. MURLI MANOHAR JOSHI :
SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI :
DR. NAUNIHAL SINGH :

Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Indonesian and Australian Companies have already outpriced Coal India Limited in the global market and it now faces grim prospect of severe competition at home;

(b) if so, what steps have been taken to face the situation;

(c) whether it is a fact that the steel plants are increasingly switching over to imported coal, because of its lower ash content; and

(d) if so, to what extent, and what steps are being taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA) : (a) Traditionally coal is being exported from India only to the neighbouring countries, which continues even today. India has never been a major coal exporter in the global market. With the declining trend of coal prices in the international market coupled with reduction in import duty on non-coking coal from 85% to 35%, indigenous coal would have to face competition from imported coal.

(b) Steps being taken by Coal India Limited to make indigenous coal more attractive to indigenous coal consumers are inter-alia, as follows :—

(1) Ensuring adequate and timely supply of coal.

(2) Setting up feeder breakers and coal handling plants to ensure proper sizing and to supply coal free from extraneous materials.

(3) Encouraging washeries for non-coking coal in the private as well as public sectors to ensure improved and consistent quality of coal supplies.

(c) and (d) Steel plants in India have been importing low ash coal for over 15 years for use in their blast furnaces. This has been mainly to complement the supplies from indigenous sources on quality grounds. These imports have now reached a level of 6 million tonnes.

The Govt. had recently constituted an Inter-Ministerial Technical Group to study the situation. The Group has recommended measures for improving availability of metallurgical grade coking coal leading to progressive reduction of imports of coking coal in the coming years.

कोयले का उत्पादन

5283. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान उड़ीसा और मध्य प्रदेश के विभिन्न कोयला क्षेत्रों में कोयले का वर्षवार उत्पादन कितना हुआ;

(ख) महानदी कोलफील्ड लिमिटेड में खनन कार्य आरम्भ किए जाने के बाद कोयले का उत्पादन कितना रहा है;

(ग) मध्य प्रदेश और उड़ीसा में कोयले के उत्पादन में वृद्धि करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना हेतु इस संबंध में क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ङ) इस लक्ष्य को पूरा करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान उड़ीसा तथा मध्य प्रदेश में हुए कोयले के कम्पनी-वार उत्पादन को नीचे दिया गया है :—

(मिलियन टन में)

राज्य	कंपनी	91–92	92–93	93–94 (अनन्तिम)
1. उड़ीसा	(क) साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लि०	20.70	—	—
	(ख) महानदी कोलफील्ड्स लि०	—	23.14	24.30
	जोड़	20.70	23.14	24.30
2. मध्य प्रदेश	(क) नार्दर्न कोलफील्ड्स लि०	19.18	18.38	19.27
	(ख) वैस्टर्न कोलफील्ड्स लि०	5.86	6.07	6.06
	(ग) साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लि०	44.15	46.04	47.53
	जोड़	69.19	70.49	72.86